# 120212 - घर से अपशकुन लेना

**प्रश्न**

एक व्यक्ति है जो एक घर में रहता था, जहाँ उसे बीमारियों और बहुत-सी विपत्तियों का सामना करना पड़ा। जिसके कारण वह और उसके परिवार वाले उस घर को अशुभ मानने लगे। क्या इस कारण, उसके लिए उस घर को छोड़ना जायज़ है?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

"कभी-कभी कुछ घर, या कुछ वाहन, या कुछ पत्नियाँ अशुभ होती हैं, जिनकी संगत अपनाने में अल्लाह अपनी हिकमत (तत्वदर्शिता) से कोई हानि उत्पन्न कर देता है, या उसकी वजह से कोई लाभ छूट जाता है, या इसी तरह की कोई अन्य चीज़ घटित होती है। इस आधार पर, इस घर को बेचने और दूसरे घर में स्थानांतरित होने में कोई आपत्ति की बात नहीं है। और शायद अल्लाह उस घर में भलाई पैदा कर दे जिसमें स्थानांतरित हुआ जा रहा है। जबकि नबी सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम से वर्णित है कि आप ने फरमाया : "अपशकुन तीन चीज़ों में हैं : घर, महिला और घोड़ा।" चुनाँचे कुछ वाहन अशुभ होते हैं, कुछ पत्नियाँ अशुभ होती हैं और कुछ घर अशुभ होते हैं। अतः यदि कोई व्यक्ति इस बात को देखता है, तो उसे समझना चाहिए कि यह अल्लाह सर्वशक्तिमान की तक़दीर से है और अल्लाह ने अपनी हिकमत से इसका फैसला किया है ताकि वह व्यक्ति दूसरी जगह स्थानांतरित हो जाए। और अल्लाह ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।" उद्धरण समाप्त हुआ।

शैख इब्ने उसैमीन रहिमहुल्लाह

"फतावा अल-अक़ीदा" (पृष्ठ 303)